# Budha Dal Public School Patiala (16 September 2017)

## UNIT - I

## Class - X

## Hindi

## SET - B

**Time: 3 hrs.** **MM: 90**

खण्ड क (अपठित बोध)

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दें:** (9)

भारत क्या है? यह एक ऐसा प्रश्न है, जो मेरे मन में बार-बार उठता है। यह वस्तुत: एक ऐसी बलवान और तेजस्वी जाति का अतीत था, जिसके पास एक अन्वेषी आत्मा और मुक्त रूप से खोज करने की अंत: प्रेरणा थी और जो अपने इतिहास के ज्ञात प्रारंभिक काल में भी एक परिपक्व और सहनशील सभ्यता का प्रमाण देती थी। यह जीवन और उसके सुखों तथा उत्तरदायित्वों की खोज में लगी थी। इसने एक शानदार भाषा तथा संस्कृत का निर्माण किया और इस भाषा, स्थापत्य तथा कलाओं के माध्यम से दूर-दूर स्थित केंद्रों को अपना गूँजता हुआ संदेश भेजा। इसने उपनिषदों को, गीता को और बुद्ध को जन्म दिया है। संसार में शायद ही किसी भाषा ने किसी जाति के इतिहास में जीवन शक्ति प्रदान करने वाली वह भूमिका अदा की हो, जो संस्कृत ने की।

हज़ारों वर्षों तक रामायण और महाभारत की पौराणिक कथाएँ हर पीढ़ी के लाखों लोगों के जीवन के ताने-बाने के साथ बुनी गईं। मैं अक्सर आश्चर्य से सोचता रहा हूँ कि यदि हमारी जाति बुद्ध, उपनिषद् और इन महान् महाकाव्यों को भूल जाएँ तो इसका रूप कैसा होगा। यह जड़ से उखड़ जाएगी और अपनी उन मौलिक विशेषताओं को खो बैठेगी, जो इसके साथ जुड़ी रही हैं। पिछले अनेक युगों में दीर्घकाल का धीरे-धीरे पराभव प्रारंभ हुआ। विचार अपनी ताज़गी खोते गए और बासी हो गए और तरुणाई भरे उल्लास तथा प्राणमयता के स्थान पर जटिलता का युग आ गया। इसका फ़ायदा पश्चिमी देशों ने उठाया और भारत को अपना गुलाम बना लिया। एक लंबे युग के बाद हमें स्वतंत्रता मिली। अब हम अतीत के समस्त बोझ और भविष्य के अस्त-व्यस्त सपनों और मानसिक हलचलों को लिए हुए भविष्य के सामने खड़े हैं, उस भविष्य के, जिसका निर्माण हम करना चाहते हैं।

प्रश्न

1. लेखक ने भारत को कैसे परिभाषित किया है?
2. भारत के उत्थान में किस भाषा का सर्वाधिक योगदान रहा है?
3. लेखक क्या सोचकर आश्चर्यचकित हो जाता है?
4. पश्चिमी देशों ने किस बात का फायदा उठाया?
5. हम भविष्य के सामने किस प्रकार खड़े हुए हैं?

**प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (6)

थका-हारा सोचता मन, सोचता मन।
उलझती ही जा रही है एक उलझन।
अँधेरे में अँधेरे से क़ब तलक लड़ते रहें
सामने जो दिख रहा है, वह सच्चाई भी कहें।
भीड़ अंधों की खड़ी खुश रेवड़ी खाती
अँधेरे के इशारों पर नाचती-गाती।
थका-हारा सोचता मन, सोचता मन।
भूखी-प्यासी कानाफूसी दे उठी दस्तक
अंधा बन जा झुका दे तम-द्वार पर मस्तक।
रेवड़ी की बाँट में तू रेवड़ी बन जा
तिमिर के दरबार में दरबान-सा तन जा।
थका-हारा, उठा गर्दन, जूझता मन
दूर उलझन! दूर उलझन! दूर उलझन!
चल खड़ा हो पैर में यदि लग गई ठोकर
खड़ा हो संघर्ष में फिर रोशनी होकर
मृत्यु भी वरदान है संघर्ष में प्यारे
सत्य के संघर्ष में क्यों रोशनी हारे।
देखते ही देखते तम तोड़ता है दम
और सूरज की तरह हम ठोंकते हैं खम।

B - 1

1. थके-हारे मन की क्या उलझन है?
2. कवि ने किसे खुश बताया है?
3. भूख-प्यास की विवशता ने क्या परामर्श दिया?
4. कवि किस प्रकार अपनी उलझन को दूर करता है?
5. 'असत्य' का विलोम शब्द काव्यांश में से ढूँढ कर लिखें।
6. काव्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

## खण्ड-ख (व्याकरण)

**प्र3.** शब्द और पद में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। (2)

**प्र4. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए:** **(3)**

क) मैने मकान देखा। मकान गुप्ताजी के घर के पास है। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ख) जब तुम मेरी बात मानोगी, तो तुम्हें खुशी मिलेगी। (सरल वाक्य में बदलिए)

ग) वह बाज़ार गया और फल खरीदे। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

**प्र5क) निम्नलिखित समस्त पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए: (2)**

अल्पबुद्धि, घुड़दौड़

**ख) समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए:** (2)

- लंबा है उदर जिसका, - हवन के लिए सामग्री

**प्र6. अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखें:** (4)

1. बाढ़ द्वारा फ़सल तबाह कर दी।
2. डाकुओं का सरदार वह अलीबाबा था।
3. उसका यहाँ न आना एक गुप्त रहस्य है।
4. सभी काम के लिए आपको फ़ीस देना ही पड़ेगा।

**प्र7. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर, वाक्य में प्रयोग कीजिए:** (2)

सोने पे सुहागा होना, कालिख पोतना

## खण्ड-ग (पाठ्य पुस्तक)

**प्र8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

क) जुलूस के लालबाजार आने पर लोगों की क्या दशा हुई? (2)

ख) राज कपूर ने एक साथ चार फिल्मों के निर्माण की घोषणा की, इससे क्या पता चलता है? (2)

ग) बड़े भाई साहब छोटे भाई से प्रश्न करके क्या उपदेश देते थे? (1)

**प्र9.** 'गिरगिट' कहानी के माध्यम से शासन व्यवस्था की जिन खामियों को उजागर किया गया है, उनको स्पष्ट कीजिए। **(5)**

**प्र10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने तालाब की समानता किस के साथ दिखाई है और क्यों? (2)

B-2

ख) कंपनी बाग में रखी तोप अपना परिचय किस प्रकार देती है? (2)

ग) किस कारण साँप और मोर तथा मृग और बाघ आपसी बैर-भाव भूलकर इकट्ठे निवास कर रहे हैं? (1)

**प्र11.** कबीर अपनी साखियों के माध्यम से समाज को क्या संदेश देना चाहते थे? **(5)**

**प्र12.** 'सपनों के से दिन' पाठ में अध्यापकों के दो भिन्न स्वभावों का वर्णन किया गया है। आपके अनुसार किस अध्यापक का स्वभाव छात्रों के अनुकूल है और क्यों? **(5)**

## खण्ड-घ (लेखन)

**प्र13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखो।** **(5)**

**क) बिना विचारे जो करे, सो पाछे पछिताय**

**संकेत बिंदु-** विचारपूर्वक कार्य करने का महत्त्व

बिना विचारे कार्य करने का प्रभाव

विचारपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता

**ख) मीडिया का सामाजिक उत्तरदायित्व**

**संकेत बिंदु-** मीडिया का अर्थ

मीडिया के प्रकार

सामाजिक दायित्व

उपसंहार

**ग) देश की संपत्ति, हमारी संपत्ति है**

**संकेत बिंदू-** राष्ट्रीय संपत्ति का अर्थ

राष्ट्रीय संपत्ति की रक्षा क्यों

राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा करना हमारा कर्त्तव्य

**प्र14.** समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद भी अभी तक आपको अपना आधार पहचान-पत्र नहीं मिला है। इस समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को पत्र लिखिए। **(5)**

**प्र15.** विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से छात्र नेताओं के साथ बैठक करने हेतु 20-30 शब्दों में सूचना लिखिए। **(5)**

**प्र16.** भारत में दिन-प्रतिदिन युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी की समस्या पर दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। **(5)**

**प्र17.** 'पर्यावरण सुरक्षा' पर 20-25 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। **(5)**

B-3